Amar Ujala
20.10.2020

चीनी उत्पादन 13 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

भारत का चीनी उत्पादन चालू महीने से शुरू होने वाले 2020-21 के विपणन सत्र में 13 प्रतिशत बढ़कर 3.1 करोड़ टन होने का अनुमान है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के अनुसार गन्ने की अधिक उपलब्धता से चीनी उत्पादन ऊंचा रहेगा। इस्मा ने कहा कि एथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने का रस और बी शीरे के लगभग 20 लाख टन को अलग करने की संभावना को ध्यान में रखते हुए मौजूदा उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2019-20 सत्र में चीनी का उत्पादन दो करोड़ 74.2 लाख टन और एथेनॉल के लिए गन्ना रस एवं शीरे को अलग किए जाने की मात्रा 8 लाख टन रहा। *भाषा*